वाट्सऐप @ 94140-78380, 92140-78380 | वर्ष :3 | अंक : 268 | गुरुवार 25 जनवरी 2024 | दैनिक ई-पेपर

# शाबाश इंडिया

@ShabaasIndia | प्लॉट नंबर 8, ओझा जी का बाग, गांधी नगर मोड, टोंक रोड, जयपुर

# जयपुर में जंतर मंतर, हवा महल की खूबसूरती को निहारेंगे मोदी-मैक्रों

**75वें गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि होंगे फ्रांस के राष्ट्रपति**

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों गुरुवार को जयपुर के पहाड़ी किले आमेर, प्रतिष्ठित हवा महल और जंतर मंतर के खगोलीय अवलोकन स्थल का दौरा करके भारत की अपनी दो दिवसीय यात्रा की शुरूआत करेंगे। मैक्रों 26 जनवरी को दिल्ली के कर्तव्य पथ पर 75वें गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि होंगे, जो इस प्रतिष्ठित वार्षिक समारोह की शोभा बढ़ाने वाले फ्रांस के छठे नेता बन जाएंगे। जयपुर में मैक्रों द्विपक्षीय भारत-फ्रांस संबंधों और विभिन्न भूराजनीतिक बदलावों के सभी पहलुओं पर ताज रामबाग पैलेस में व्यापक बातचीत से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ एक रोड शो में भी भाग लेंगे। रोड शो शाम 6 बजे जंतर-मंतर इलाके में शुरू होने वाला है, जबकि पीएम मोदी और मैक्रों शाम 7:15 बजे अपनी बातचीत शुरू करने वाले हैं। सूत्रों ने जानकारी देते हुए कहा कि डिजिटल डोमेन, रक्षा, व्यापार, स्वच्छ ऊर्जा, युवा आदान-प्रदान, भारतीय छात्रों के लिए वीजा मानदंडों को आसान बनाने सहित कई क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को बढ़ावा देने के तरीकों पर बातचीत का फोकस रहेगा।



## राजस्थान की महान आतिथ्य परंपराओं के साथ हो मेहमानों का स्वागत : मुख्यमंत्री शर्मा

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन के राजस्थान के प्रस्तावित दौरे पर व्यवस्थाएं चाक-चौबंद होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि मेहमानों के स्वागत में राजस्थान की महान आतिथ्य परम्पराएं नजर आनी चाहिए। इससे अतिथियों को राजस्थानी संस्कृति की दिव्य झलक देखने को मिलेगी तथा इस सांस्कृतिक आदान-प्रदान से दोनों देशों के मध्य संबंध प्रगाढ़ होंगे। शर्मा मंगलवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन के प्रस्तावित राजस्थान दौरे की समीक्षा बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि इस विशेष अवसर पर की जा रही तैयारियों में राजस्थान की समृद्ध लोक संस्कृति का समावेश होना चाहिए। इस दौरान की जाने वाली साज-सज्जा एवं लाइटिंग में प्रदेश की ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक धरोहरों तथा क्षेत्रीय कलाओं को विशेष रूप से प्रदर्शित किया जाना चाहिए। वीरता एवं बलिदान के प्रतीक केसरी रंग का भी समायोजन इन तैयारियों में होना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को इस अंतर्राष्ट्रीय स्तर के आयोजन हेतु उपयुक्त वातावरण तैयार करने के निर्देश दिए, जिससे इस अवसर को ऐतिहासिक रूप से सफल बनाया जा सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि मोदी एवं मैक्रॉन के स्वागत की सभी तैयारियां समयबद्ध रूप से पूरी कर ली जाएं।



## पीएम के स्वागत को आतुर जयपुर की जनता

फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जयपुर में रोड शो की व्यवस्थाओं को लेकर भाजपा कार्यालय बैठक हुई। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और भाजपा प्रदेषाध्यक्ष सीपी जोशी ने बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों को कार्यक्रम की व्यवस्थाओं के संदर्भ में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के स्वागत के लिए जयपुर की जनता आतुर है। वैसे भी राजस्थान मेहमान नवाजी के लिए प्रसिद्ध है। यहां मेहमानों का स्वागत और मान-सम्मान बड़े ही खुले मन से किया जाता है। उसी प्रकार जयपुर की जनता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के स्वागत को तैयार है। भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच ने कहा कि प्रधानमंत्री के इस रोड शो में शहर की जनता को किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं होगी और ना ही यातायात व्यवस्था बाधित रहेगी। कार्य-व्यवस्थाओं की बैठक में प्रदेश सह प्रभारी विजया राहटकर, चुनाव प्रबंधन समिति के संयोजक नारायण पंचारिया, भाजपा प्रदेष उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच, श्रवण सिंह बगडी, प्रदेश मंत्री पिकेंश पोरवाल, भाजपा शहर जिलाध्यक्ष राघव शर्मा, उत्तर जिलाध्यक्ष श्याम शर्मा, दक्षिण जिलाध्यक्ष राजेश गुर्जर, प्रदेश प्रवक्ता लक्ष्मीकांत भारद्वाज, मीडिया संयोजक प्रमोद वशिष्ठ एवं सोशल मीडिया संयोजक हीरेंद्र कोशिक सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## राष्ट्रपति मैक्रों एक रोड शो में लेंगे भाग

जयपुर में, राष्ट्रपति मैक्रों एक रोड शो में भाग लेने के अलावा अंबर किला, जंतर मंतर, हवा महल का दौरा करेंगे, अधिकारियों ने अधिक जानकारी देने से इनकार कर दिया। विदेश मंत्रालय के अनुसार, फ्रांसीसी राष्ट्रपति का विमान गुरुवार दोपहर 2:30 बजे जयपुर हवाई अड्डे पर उतरने वाला है और वह रात लगभग 8:50 बजे दिल्ली के लिए प्रस्थान करेंगे।

# गणतंत्र को नमन

है नमन उन शहीदों को,
जिन्होंने देश के लिए अपनी जान गंवाई थी।
जिनके कारण ही हमने,
स्वतन्त्र भारत में सांस ले पाई थी।
है नमन उन बापू को,
जिन्होंने अहिंसा की ज्योति जलाई थी।
उनके कारण ही हमने,
भाईचारे की नीति अपनाई थी।
है नमन उन बाबा साहेब को
जिन्होंने भारत के लिए
संविधान बनाया था।
उनके कारण ही हमने,
अपना खुद का गणतंत्र अपनाया था।
है आज गणतंत्र दिवस
नमन है उन सब वीरों को
जिनके कारण हम स्वतंत्र हो पाए थे
जिनके कारण ही हम,
इस स्वतंत्र भारत में सांस ले पाए थे।
स्वरचितः रचना शर्मा अम्बाह



# नारी सम्मान में नर्मदा पुरम से प्रारंभ हुई साइकिल यात्रा अंबाह में आई, समाजसेवियों ने किया स्वागत



**अम्बाह. शाबाश इंडिया**

नारी सम्मान में एक युवक ने सम्पूर्ण मध्यप्रदेश में साइकिल यात्रा प्रारंभ की हैं । यह यात्रा 6 दिसंबर 2023 को नर्मदापुरम से शुरू होकर बुधवार को अम्बाह नगर में आई जहां वरिष्ठ समाजसेवी सोनू गोयल द्वारा यात्रा का स्वागत किया गया। यह यात्रा मध्य प्रदेश के सभी जिले से होते हुये मार्च में भोपाल पहुँचेगी जहाँ सीएम हाउस में इसका समापन होगा। जानकारी के अनुसार जिला नर्मदापुरम के केसला ब्लॉक के ग्राम अमराई का युवक सुरेन्द्र बामने नर्मदापुरम से चलकर अब तक 22 ज़िले में 2700 किलो मीटर की साइकिल यात्रा कर बुधवार को अम्बाह आया। यह आने पर स्थानीय लोगों द्वारा स्वागत किया गया। ज्ञात रहे कि सुरेन्द्र बामने की रहने खाने की व्यवस्था सामाजिक लोगों द्वारा की जा रही है। सुरेन्द्र बामने द्वारा अभी 23 जिले में यात्रा हो चुकी है जिनमे नर्मदापुरम हरदा खण्डवा बुरहानपुर खरगोन बड़वानी अलीराजपुर झाबुआ धार और इंदौर देवास उज्जैन रतलाम मन्दसौर नीमच अगर मालवा शाजापुर राजगढ़ गुना अशोकनगर शिवपुरी श्योपुरे शामिल है। अब वह मुरैना से आगे भिण्ड के लिए जायेंगे। सुरेन्द्र बामने महिलाओं को उनके अधिकारों ओर उनसे जुड़े विषयों को लेकर जागरूक करने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश के सभी जिले के लिए साइकिल यात्रा पर निकले हैं। इसके लिए जगह-जगह वह वरिष्ठ अधिकारियों को मांग पत्र सौंपते हैं । ज्ञात रहे कि सुरेन्द्र बामने द्वारा मासिक धर्म स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। सुरेन्द्र बामने की सरकार से मांग है कि मध्यप्रदेश की सभी महिलाओं को सेनेटरी पैड निशुल्क दिया जाए।

# हिंदी देशभक्ति कविता प्रतियोगिता का आयोजन



**सुनील पाटनी. शाबाश इंडिया**

**भीलवाड़ा।** मंगलवार द न्यू लुक सेन्ट्रल स्कूल में आज कक्षा पी जी से प्रेप के विद्यार्थियों के लिए 'हिंदी देशभक्ति कविता प्रतियोगिता' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि मदन खटोड़ अध्यक्ष वरिष्ठ नागरिक मंच व वीणा खटोड़ महिला प्रमुख वरिष्ठ नागरिक मंच व विद्यालय परिवार के निर्देशक महेंद्र पारख मैनेजर लोकेश पारख एवम डॉ.शिखा पारख, मेघबाला जैन ने दीप प्रज्वलन के द्वारा किया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों के मन में देशभक्ति की भावना जागृत करना व देश प्रेम की भावना का प्रत्यारोपण करना था। सभी विद्यार्थियों द्वारा उत्साह पूर्वक कविताएं प्रस्तुत की गई। मुख्यअतिथि मदन खटोड़ एवम वीणा खटोड़ द्वारा प्रथम ,द्वितीय, व तृतीय विजेता बच्चों को तो पुरस्कृत किया ही गया साथ ही भाग लेने वाले सभी बच्चो को भी सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गए ताकि वो आगे भी प्रोत्साहित होकर विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग ले सके। विद्यालय के निर्देशक ने प्रोत्साहित करते हुए कहा की देश सभी धर्मों व लोगों से बड़ा होता है। देश के लिए समर्पित होना परिवार के लिए व समाज के लिए गौरव की बात होती है। मुख्य अतिथि मदन खटोड़ ने भी विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए देश भक्ति व देशप्रेम हेतु सरलता के साथ सभी का मार्गदर्शन किया। मंच संचालन तिलका अग्रवाल ने किया।

# लॉ यूनिवर्सिटी के दीक्षांत समारोह की हिस्सा बनी श्री भवानी निकेतन लॉ कॉलेज की छात्राएं



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** भीमराव अम्बेडकर विधि विश्वविद्यालय का द्वितीय दीक्षांत समारोह बुधवार को बिड़ला सभागार में आयोजित किया गया। समारोह की अध्यक्षता राज्यपाल कलराज मिश्र एवं कार्यक्रम में सम्मानित अतिथि उप- मुख्यमंत्री व उच्च शिक्षा मंत्री प्रेमचंद बैरवा रहे। इस दीक्षांत समारोह के आयोजन में श्री भवन निकेतन लॉ कॉलेज की छात्राओं को आमंत्रित किया गया। लॉ कॉलेज प्रिंसिपल डॉ संजय शर्मा के मार्गदर्शन पर छात्राएं इस दीक्षांत समारोह का हिस्सा बनी। छात्रा दीप कंवर ने श्री भवानी निकेतन लॉ कॉलेज की छात्राओं को आमंत्रित करने के लिए विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर सुधी राजीव का आभार व्यक्त किया।

# पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव के मुख्य पात्र महा यज्ञनायक का जैन समाज कामां ने किया अभिनंदन

## आचार्य सुनील सागर महाराज के सानिध्य में होगा सात दिवसीय भव्य आयोजन




**कामां. शाबाश इंडिया।** पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव समिति कामां के तत्वाधान में सकल दिगंबर जैन समाज कामां एवं शांतिनाथ दिगंबर जैन दीवान मंदिर समिति द्वारा पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव के मुख्य पात्र महायज्ञनायक पारस जैन व मीरा जैन बड़जात्या जयपुर निवासी का अभिनंदन कर निमंत्रण दिया गया। पंचकल्याणक समिति के महामन्त्री संजय जैन बड़जात्या ने बताया कि शांतिनाथ दिगंबर जैन दीवान मंदिर से बैंड बाजो एवं भेंट की सामग्री लेकर सकल दिगंबर जैन समाज कामां अजीत जैन बड़जात्या के निवास पर पहुचे वहां पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव के महायज्ञ नायक पारस जैन व मीरा जैन बड़जात्या जयपुर निवासी को फल,मेवा,मिठाई एवं वस्त्र,मुकुट आदि भेंट कर पंचकल्याणक प्रतिष्ठा का आमंत्रण दिया गया। इस अवसर पर महोत्सव के अन्य पात्र सोधर्म इंद्र शचि इंद्राणी के साथ अन्य इंद्र एवं पात्रों के द्वारा भी महायज्ञनायक को भेंट दी गई। इस अवसर पर महायज्ञ नायक बने पारस जैन बड़जात्या ने कहा कि में जैन समाज कामां के इस आथित्य से बड़ा ही गदगद और प्रसन्नचित हूं।महोत्सव का इतना सुंदर आगाज हो रहा है वह महोत्सव आचार्य सुनील सागर महाराज के सानिध्य में बड़ा ही विशाल होगा। इस अवसर पर जैन समाज के पदाधिकारी के साथ-साथ प्रमुख गणमान्य महानुभाव एवं महिलाएं उपस्थित रही।

## विश्व जैन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय जैन संगठन विस्तार हेतु राजस्थान दौरे पर, जयपुर में हुई कार्यकर्ता मीटिंग



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

विश्व जैन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय जैन राजस्थान में संगठन विस्तार हेतु प्रवास पर है इस कड़ी में उदयपुर में संगठन निर्माण कर जयपुर आए संजय जैन ने विश्व जैन संगठन के जयपुर कार्यालय में कार्यकर्ताओं की मीटिंग ली। संगठन के जयपुर अध्यक्ष बाबू लाल जैन ईटून्दा के अनुसार विश्व जैन संगठन का राजस्थान के प्रत्येक जिला मुख्यालय पर अगले 6 महीने में शाखा निर्माण पर राष्ट्रीय अध्यक्ष ने जोर देकर कहा कि समाज को एक सशक्त संगठन की आवश्यकता, एक ऐसा संगठन जो जैन धर्म और जैन आयतनो की रक्षा को तत्पर हो । संगठन के जयपुर महामंत्री आशीष जैन पाटनी ने बताया आज संगठन विस्तार की कड़ी में राकेश जैन देवली को जॉब फॉर जैन मिशन का संयोजक बनाया। वही सी ए विकाश जैन को मंदिर संरक्षण एवं संवर्धन का संयोजक नियुक्त किया। इस अवसर पर संगठन कमलेश जैन, प्रमोद जैन बाकलीवाल, अशोक जैन गुड़ाचंदजी, दीपेश जैन बिंदायका, रजत जैन, धीरेश जैन, सुधीर जैन गोयल सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## वेद ज्ञान

### कर्म करो फल की इच्छा मत करो

स्पर्धा के इस युग में जनसाधारण हो या स्कूल का विद्यार्थी शॉर्टकट तरीके अपनाकर सफलता के शीर्ष पर पहुंचना चाहता है। जबकि सफलता प्राप्ति के दो सबसे बड़े अवरोधक हैं। पहला, हर कार्य को पूरा करने में शॉर्टकट खोजना और दूसरा, तुरंत फल-प्राप्ति की लालसा। सच्चाई यह है कि जीवनरूपी धारा जिन दो किनारों के बीच होकर प्रवाहित होती है, उसका एक किनारा सफलता है तो दूसरा असफलता भी है। हरेक विद्यार्थी को अपने विद्यार्थी-जीवन में किसी न किसी मोड़ पर असफलता का सामना करना ही पड़ता है। तब जरूरत होती है अपने आप को सहज रखते हुए अपने भीतर इच्छाशक्ति जाग्रत करने की और एक नए जज्बे को पैदा करने की। अपनी जिंदगी में सफलता की इबारत लिखने वाले व्यक्ति दीर्घकालिक चिंतक होते हैं, वे प्रतिकूल परिस्थितियों को दोषी न ठहराते हुए जीवन में आने वाली हरेक चुनौती को सहर्ष स्वीकार करते हैं। किंतु जो विद्यार्थी जीवन में आने वाले उतार-चढ़ावों को अपनी नियति व भाग्य समझ लेते हैं, उनके लिए कोई भी औपचारिक व प्रतियोगी परीक्षा ही नहीं, बल्कि जिंदगी की हरेक चुनौती फोबिया बन जाती है। संचार माध्यमों की बेतहाशा वृद्धि और सोशल मीडिया के आभासी संसार ने युवाओं के दिमाग की एकाग्रता को भंग करने में विशेष भूमिका अदा की है। इंटरनेट की लत ने विद्यार्थियों के समय प्रबंधन को बुरी तरह से प्रभावित किया है। सूचना प्रौद्योगिकी के इस युग में सब कुछ आसानी से उपलब्ध है। अगर कुछ दुर्लभ है तो वह है विद्यार्थियों में साहस के साथ चुनौतियों का सामना करने का जज्बा। इस जज्बे के द्वारा ही विद्यार्थियों में समग्र व्यक्तित्व-विकास का मार्ग प्रशस्त होता है। क्या उपयोगी हैं और क्या अनुपयोगी? इतनी समझ और इतना विवेक किसी विद्यार्थी के अंदर एक कर्तव्यनिष्ठ शिक्षक ही जाग्रत कर सकता है, पर दुख की बात है कि सोशल मीडिया के इस दौर में शिक्षण संस्थानों का बाजारीकरण हो गया है और शिक्षक को प्रोफेशनल के तौर पर देखे जाने की वजह से मौजूदा दौर को नैतिक मूल्यों के बिखराव का संक्रमण-काल माना जा रहा है।

## संपादकीय

# दोतरफा जिद और बर्बरता का शिकार बन रहे बेकसूर

इजराइल और हमास के बीच शुरू हुए युद्ध को अब तीन महीने से ज्यादा वक्त हो चुका है। शुरूआती दौर में इस बात पर गौर किया जा सकता था कि हमास ने अपने हमले में जैसी बर्बरता का प्रदर्शन किया, इजराइल के सामने अपने बचाव में उसका जवाब देने का विकल्प नहीं था। मगर उसके बाद हमलों का सिलसिला अब तक जारी है और उसमें मारे जाने वाले आमतौर पर गाजा के वे साधारण लोग हैं, जिनका युद्ध के किसी भी पक्ष से कोई वास्ता नहीं रहा और वे दोतरफा जिद और बर्बरता के शिकार हुए। रविवार को गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से जारी आंकड़ों के मुताबिक इस युद्ध में अब तक पच्चीस हजार से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं और करीब साढ़े बासठ हजार लोग घायल हुए हैं। इतनी बड़ी जनहानि के बावजूद इस युद्ध के खत्म होने या रुकने का कोई संकेत फिलहाल नहीं दिख रहा है। सवाल है कि हमास के खात्मे के घोषित मकसद के पर्दे में अगर इजराइल निर्दोष लोगों को निशाना बना रहा है, तो उसके हमले को स्वाभाविक प्रतिक्रिया कब तक माना जा सकेगा। कोई जंग किसी मामूली कारण से भी शुरू हो सकती है और उसमें दोनों पक्षों में धीरज और दूरदर्शिता की कमी एक बड़ा कारण हो सकता है। मगर युद्ध में जितने सैनिक मोर्चे पर मारे जाते हैं, उससे कई गुना ज्यादा आम लोगों को मार डाला जाता है। कोई इसकी जिम्मेदारी नहीं उठाता। हमास ने अचानक इजराइली सीमा में घुसपैठ कर एक हजार से ज्यादा आम लोगों को मार डाला, तब उसकी बर्बरता को लेकर दुनिया भर में क्षोभ और आक्रोश पैदा हुआ और तब इजराइल के जवाब को सही ठहराने का एक कारण था। मगर उसके बाद इजराइली हमले में जितनी तादाद में आम लोगों की जान जा चुकी है, उसे कैसे देखा जाएगा? गौरतलब है कि संयुक्त राष्ट्र की महिलाओं के लिए काम करने वाली एजंसी की एक रपट के मुताबिक इजराइल और गाजा के बीच जारी युद्ध में अब तक लगभग सोलह हजार महिलाओं और बच्चों को मार डाला गया है। इसके अलावा, इस जंग में कम से कम तीन हजार महिलाओं ने अपने पति को खो दिया और दस हजार से अधिक बच्चों के सिर से उनके पिता का साया उठ गया है। इतने बड़े पैमाने पर मासूम लोगों के मारे जाने के बावजूद इजराइल की ओर से युद्ध को खत्म करने की तो दूर, युद्ध विराम तक को लेकर कोई संकेत नहीं दिख रहा। कुछ समय पहले एक दूसरे के अगवा किए नागरिकों और बंदी सैनिकों को छोड़े जाने के लिए तात्कालिक रूप से युद्ध को एक ठहराव दिया गया था, मगर उसके बाद फिर गोलाबारी और बेकसूर लोगों के मारे जाने का सिलसिला जारी है। हालांकि इस बीच दुनिया भर में इस युद्ध को खत्म करने के लिए आवाजें उठी हैं। बीते शनिवार को गुटनिरपेक्ष आंदोलन के शिखर सम्मेलन में गाजा पट्टी में इजराइल के सैन्य अभियान को गैरकानूनी भी करार दिया गया और फिलीस्तीन के लोगों और बुनियादी ढांचों पर व्यापक हमलों की कड़ी निंदा की गई। **-राकेश जैन गोदिका**



## परिदृश्य

# आतंक के मंसूबे

जबसे भारतीय सुरक्षा बलों ने नियंत्रण रेखा पर निगरानी कड़ी की है, पाकिस्तान की तरफ से घुसपैठ और दहशतगर्दी के साजो-सामान भेजने की कोशिशों पर काफी हद तक लगाम लग गई है। ऐसे में आतंकवादी संगठनों ने ड्रोन को अपना नया हथियार बना लिया है। रात के अंधेरे में वे ड्रोन के जरिए हथियार, गोला-बारूद और नशीले पदार्थ भारतीय सीमा में गिराने में कामयाब हो जाते हैं। इस मामले में पाकिस्तान की सीमा से सटे पंजाब के इलाके उनके लिए ज्यादा मुफीद नजर आते हैं। शुक्रवार-शनिवार की दरम्यानी रात फिरोजपुर में ड्रोन के जरिए एक एके-47 राइफल, दो मैगजीन, चालीस कारतूस और चालीस हजार रुपए से भरा एक थैला गिराया जाना इसी का ताजा उदाहरण है। सीमा सुरक्षा बल को ड्रोन की गतिविधि का पता चला और गहन तलाशी अभियान चलाया गया, तो एक खेत से यह साजो-सामान बरामद हुआ। पिछले कुछ वर्षों में सीमा पार से ड्रोन भेजे जाने की घटनाएं काफी बढ़ी हैं। पिछले महीने सीमा सुरक्षा बल ने बताया कि बीते वर्ष उसने एक सौ सात ड्रोन मार गिराए और करीब साढ़े चार सौ किलो हेरोइन, तेईस हथियार और पांच सौ से अधिक कारतूस बरामद किए। यानी इसके अलावा अनेक मामलों में आतंकी संगठनों को सफलता भी मिली होगी, जिसके ठीक-ठीक आंकड़े दर्ज नहीं हैं। हालांकि पिछले आठ-नौ वर्षों में सीमा पर चौकसी बढ़ाने, सघन तलाशी अभियान चलाने, आतंकी संगठनों को मदद पहुंचाने वालों पर शिकंजा कसने, पाकिस्तान के साथ सड़क मार्ग से तिजारत बंद होने के बाद जम्मू-कश्मीर में सीमा पार से होने वाली घुसपैठ पर लगाम लगी है। फिर भी दहशतगर्द अपनी साजिशों को अंजाम देने में कामयाब हो जाते हैं। इसकी वजह समझी जा सकती है जो साजो-सामान और वित्तीय मदद उन्हें घुसपैठ के जरिए पहुंचाई जाती थी, वह ड्रोन से पहुंचाई जाने लगी है। जम्मू-कश्मीर के युवाओं को गुमराह कर उन्हें हथियार उठाने को तैयार किया जा रहा है। पंजाब में खालिस्तान समर्थकों को उकसाने की वजहें भी स्पष्ट हैं। उजागर है कि जम्मू-कश्मीर में सक्रिय आतंकी संगठनों और पंजाब के खालिस्तान समर्थकों के तार परस्पर जुड़े हुए हैं। पंजाब में ड्रोन से गिराए जा रहे साजो-सामान आतंकवादियों तक पहुंचाने में यह गठजोड़ काम आता है। नशीले पदार्थों की खेप उन्हें वित्तीय संसाधन जुटाने के काम आती है। हैरानी की बात नहीं कि पंजाब और उससे सटे राज्यों में नशे का कारोबार फैलाने में ऐसे संगठनों से जुड़े लोगों का बड़ा हाथ है। हालांकि सीमा पार से ड्रोन के जरिए पहुंचाए जा रहे साजो-सामान और नशीले पदार्थों की खेप पर नजर रखने के लिए भारतीय सीमा सुरक्षा बल ने ड्रोन-रोधी तकनीक तैनात कर रखी है, जिससे ऐसी गतिविधियों की टोह लेने और उन्हें मार गिराने में काफी आसानी हुई है। इसके लिए दिल्ली में भी केंद्रीय नियंत्रण और विश्लेषण कक्ष बनाया गया है। पिछले वर्ष के सीमा सुरक्षा बल के आंकड़ों से जाहिर है कि इस मामले में उसे काफी कामयाबी मिली है। इस तरह निस्संदेह पाकिस्तान की जमीन से चलाई जा रही आतंकी गतिविधियों को गंभीर चोट पहुंच रही है। खालिस्तान समर्थकों पर भी काफी हद तक लगाम कसी जा चुकी है। मगर कश्मीर घाटी में स्थानीय युवाओं को बरगला कर दहशतगर्द बनाने की कोशिशों पर लगाम लगाना अब भी चुनौती है।

# ग्रोइंग विंग्स पुरस्कार समारोह आयोजित




**अमित गोधा. शाबाश इंडिया**

ब्यावर। श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति द्वारा संचालित श्री वर्द्धमान कन्या पी.जी. महाविद्यालय के अन्तर्गत फैशन डिजाइनिंग एवं मेक अप आर्टिस्ट कोर्स के तहत **''ग्रोइंग विंग्स पुरस्कार समारोह''** आयोजित किया गया फैशन डिजाइनिंग एवं मेक अप आर्टिस्ट कोर्स की छात्रा सुप्रिया राठौड़ एवं मानवी गोयल को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संस्था सचिव डॉ. नरेन्द्र पारख रहे। फैशन डिजाइनिंग कोर्स की व्याख्याता शबाना शेख एवं मेक अप आर्टिस्ट कोर्स की व्याख्याता सुमन अग्रवाल ने कोर्स की बारिकियां बताते हुए भविष्य में इससे जुडी असीमित संभावनाओं से अवगत कराया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. आर. सी. लोढ़ा ने अपने उद्बोधन में बताया कि सम्पूर्ण राजस्थान में मेक अप आर्टिस्ट कोर्स केवल वर्द्धमान इंस्टिट्यूट द्वारा संचालित है तथा वर्द्धमान स्किल डेवलपमेन्ट इंस्टिट्यूट में उपलब्ध सुविधाओं की विस्तृत जानकारी दी। अकादमिक प्रभारी डॉ. नीलम लोढ़ा ने राष्ट्रीय बालिका दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इसी क्रम में स्किल इंस्टिट्यूट प्रभारी सी.एम.ए. ज्योति माहेश्वरी ने लक्ष्य निर्धारण का महत्व समझाते हुए फैशन डिजाइनिंग एवं मेक अप आर्टिस्ट कोर्स के अन्तर्गत अपना करियर चुनाव कैसे करें इसकी जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन छवि गरवाल ने किया। स्वागत भाषण रितु प्रजापति ने व धन्यवाद ज्ञापन प्रिंयका मंगरोला ने दिया।

## सबका साथ सबका विकास के नारे को चरितार्थ कर रहे मुख्यमंत्री: निताशा सिहाग

### जिलाध्यक्ष ने सिरसा जिला को 60 करोड़ रुपए की सौगात देने के लिए जताया आभार, कहा, जनता महसूस कर रही है राज-राज के अंतर को



**रमेश भार्गव. शाबाश इंडिया**

ऐलनाबाद। भारतीय जनता पार्टी की जिलाध्यक्ष निताशा राकेश सिहाग ने कहा कि सिरसा जिला में विधायक तो पांचों विपक्ष के हैं लेकिन मुख्यमंत्री मनोहर लाल सबका साथ सबका विकास की नीति से बिना भेदभाव सिरसा जिला के विकास में कोई कमी नहीं छोड़ रहे हैं। जिला वासी पिछले राज और अब के राज में अंतर महसूस कर रहे हैं और हर किसी के जुबान पर है कि यह राज-राज का अंतर है जो बिना भेदभाव काम हो रहा है। कांग्रेस के राज में क्षेत्रवाद के चलते सिरसा जिला से सौतेला व्यवहार होता था। हमें याद है कि ऐलनाबाद में उस समय एक उपचुनाव हुआ था और लोगों ने सरकारी कॉलेज की मांग की तो तब के मुख्यमंत्री ने शर्त लगा दी थी कि अगर यहां से विधायक जिताओगे तो ही वह काम करेंगे। भाजपा जिलाध्यक्ष ने शेरांवाली डिस्ट्रीब्यूटरी की रिमॉडलिंग के लिए 1534 लाख रुपए मंजूर करने के लिए भी मुख्यमंत्री का ऐलनाबाद वासियों की तरफ से विशेष आभार मुख्यमंत्री जताया जिसका टेंडर एक सप्ताह पहले हुआ है। तीन दशक से ग्रामीण यह मांग रहे थे जो अब मनोहर शासन में पूरी हुई है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि हमारे जिला से ही जब मुख्यमंत्री थे तो ग्रामीणों की मांग पर बोलते थे कि पानी मत मांगना, आपका बर्तन ही खराब है। आज मुख्यमंत्री मनोहर लाल उसी बर्तन को ठीक कर रहे हैं। न केवल इस जिले से संबंध रखने वाले मुख्यमंत्री ने मांग को अनसुना किया तो उसके बाद दस साल तक राज करने वाली कांग्रेस के उस समय के मुख्यमंत्री ने भी क्षेत्रवाद की नीति के चलते सिरसा जिला को उपेक्षित करने के कारण पेयजल तक का बंदोबस्त नहीं किया।

## जेएसजी स्वास्तिक द्वारा राष्ट्रीय बालिका दिवस पर भव्य आयोजन




बेटियां है तो-कल है।
बेटी पढ़ाओ, बेटी बचाओ, बेटी को सक्षम और मजबूत बनाओं।
''लाख गुलाब लगा लो तुम अपने आंगन में, जीवन में खुशबू तो बेटी के आने से ही होगी''

**उदयपुर. शाबाश इंडिया**

राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर जैन सोशल ग्रुप स्वास्तिक द्वारा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, आयड़ में आयोजन किया गया। मीडिया प्रभारी संजय धाकड़ ने बताया कि डॉक्टर विनीता बाघेला द्वारा उपस्थित बालिकाओं को स्वास्थ्य को लेकर विशेष प्राणायाम, आसन बताएं और उन्हें परीक्षा के दौरान स्मरण शक्ति बढ़ाने और मन को शांत रखने के लिए विशेष टिप्स दिए गए। इस अवसर पर ग्रुप के उपाध्यक्ष विमल कटारिया ने बालिकाओं के परीक्षा के उपरांत विषय चयन करने हेतु भी एक विशेष सेमिनार का आयोजन करने का आश्वासन दिया। संस्थापक अध्यक्ष शिक्षाविद धीरज छाजेड़ ने मुख्य वक्ताओं एवं विषय विशेषज्ञों का परिचय कराकर स्कूल की उपप्राचार्या दीपिका बोलिया एवं शहर की ख्यातनाम फिजियोथैरेपिस्ट व संतुलित आहार विशेषज्ञ डॉ. विनीता बाघेला का ऊपरना ओढ़ाकर एवं प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। सूचना प्रौद्योगिकी विशेषज्ञ संजय धाकड़ ने बालिकाओं के स्वरोजगार एवं कंप्यूटर की उपयोगिता पर प्रकाश डाला और कहा कि वर्तमान समय में महिलाएं भी पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चल रही हैं और हर क्षेत्र में अपना परचम लहरा रही हैं। अगर बालिकाओं को भी सही समय पर सही दिशा और सलाह मिले तो दुनिया की कोई भी ताकत उन्हें अपना लक्ष्य हासिल करने से नहीं रोक सकती। जीवन में समय पर अपना लक्ष्य का निर्धारण और इस हेतु किये गये सच्चे प्रयास के साथ नवीन प्रौद्योगिकी का बेहतर उपयोग ही हमेशा जीवन में कामयाबी के दरवाजे खोलता है। पूर्व बैंकर एवं ग्रुप कोषाध्यक्ष शशिपाल जैन द्वारा बालिकाओं को भयमुक्त होकर परीक्षा की तैयारी करने पर टिप्स दिये एवं अपने व्यक्तिगत करिअर बनाने के लिए बैंक द्वारा विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने की जानकारी दी। ग्रुप सचिव गौरव सुराणा ने बताया कि इस अवसर पर उपस्थित सभी बालिकाओं को गिफ्ट एवं स्नेक्स वितरीत किए गए।

# ग्लूकोमा क्या है तथा इसका क्या इलाज है?

**ग्लूकोमा एक नेत्र रोग है जो ऑप्टिक तंत्रिका को नुकसान पहुंचाता है। ऑप्टिक तंत्रिका आंखों से मस्तिष्क तक जानकारी पहुंचाती है, जिसमें दृश्य दिखते हैं। ग्लूकोमा के कारण, ऑप्टिक तंत्रिका क्षतिग्रस्त हो जाती है, जिससे दृष्टि हानि होती है।**

ग्लूकोमा का सबसे आम कारण आंख के अंदर दबाव (इंट्राओकुलर प्रेशर या आईओपी) में वृद्धि है। आईओपी आंख में बनने वाले तरल पदार्थ के दबाव को संदर्भित करता है। सामान्य आईओपी 12 से 22 मिमी एचजी के बीच होता है। यदि आईओपी 22 मिमी एचजी से अधिक हो जाता है, तो यह ऑप्टिक तंत्रिका को नुकसान पहुंचाता है।

## ग्लूकोमा के अन्य कारणों में:

आंख के अंदर तरल पदार्थ के उत्पादन में वृद्धि
आंख के अंदर तरल पदार्थ के बहाव में कमी
आंख के अंदर तरल पदार्थ के सामान्य प्रवाह में बाधा
ग्लूकोमा के कई प्रकार हैं, जिनमें :

खुले-कोण ग्लूकोमा: यह ग्लूकोमा का सबसे आम प्रकार है। इसमें, आईओपी धीरे-धीरे बढ़ता है और अक्सर कोई लक्षण नहीं होते हैं।

कोण-बंद ग्लूकोमा: यह एक गंभीर प्रकार का ग्लूकोमा है जिसमें आईओपी अचानक और तेजी से बढ़ता है। इसमें, आंख के अंदर तरल पदार्थ का सामान्य प्रवाह अवरुद्ध हो जाता है।

जन्मजात ग्लूकोमा: यह ग्लूकोमा जन्म से मौजूद होता है।

ग्लूकोमा का कोई इलाज नहीं है, लेकिन उपचार से दृष्टि हानि को रोका या धीमा किया जा सकता है। ग्लूकोमा का इलाज अक्सर आई ड्रॉप्स, लेजर उपचार या सर्जरी के माध्यम से किया जाता है।

आई ड्रॉप्स: आई ड्रॉप्स आंख में तरल पदार्थ के उत्पादन को कम करने या आंख से तरल पदार्थ के बहाव को बढ़ाने में मदद करते हैं।

लेजर उपचार: लेजर उपचार आंख के अंदर तरल पदार्थ के प्रवाह को बढ़ाने में मदद कर सकता है।

सर्जरी: सर्जरी आंख के अंदर तरल पदार्थ के उत्पादन को कम करने या आंख से तरल पदार्थ के बहाव को बढ़ाने में मदद कर सकती है।

ग्लूकोमा के लिए नियमित निगरानी रखनी होती है। यदि आपको ग्लूकोमा का खतरा है, तो आपको नियमित रूप से नेत्र परीक्षण करवाना चाहिए। ग्लूकोमा का पता लगाना और जल्दी से इलाज करना दृष्टि हानि को रोकने में महत्वपूर्ण है।

## ग्लूकोमा के खतरे को बढ़ाने वाले कारक हैं...

आयु: ग्लूकोमा का खतरा बढ़ जाता है क्योंकि आप बड़े होते जाते हैं।

परिवार का इतिहास: यदि आपके परिवार में किसी को ग्लूकोमा है, तो आपके ग्लूकोमा होने का खतरा बढ़ जाता है।

दृष्टि समस्याएं: यदि आपको पहले से ही दृष्टि समस्याएं हैं, तो आपके ग्लूकोमा होने का खतरा बढ़ जाता है।

अन्य स्वास्थ्य समस्याएं: मधुमेह, उच्च रक्तचाप और उच्च कोलेस्ट्रॉल जैसे अन्य स्वास्थ्य समस्याएं ग्लूकोमा के खतरे को बढ़ाती हैं।

ग्लूकोमा के लक्षण हैं:

धुंधली दृष्टि, परिधीय दृष्टि हानि, चमकदार रोशनी में दृष्टि हानि दोहरी दृष्टि, सिरदर्द।



डॉ पीयूष त्रिवेदी
आयुर्वेदाचार्य
चिकित्साधिकारी राजकीय आयुर्वेद चिकित्सालय राजस्थान विधानसभा,जयपुर।
9828011871

यदि आपको इनमें से कोई भी लक्षण दिखाई देते हैं, तो तुरंत अपने डॉक्टर से संपर्क करें।



# चांदपोल विद्युत मोक्षधाम गृह



विद्युत मोक्षधाम गृह चांदपोल के लिए स्वेच्छा राशि से जयपुर का प्रथम सुविधा युक्त शव वाहन की व्यवस्था, जिसमें 10 परिवार के सदस्य आसानी से प्रियजन की अर्थी के साथ बैठ सकते हैं।।

आदरणीय,
मृत्यु पश्चात अपने प्रियजनों का दाह संस्कार लकड़ी की चिता में नहीं विद्युत शवदाह गृह में करवाएं।

**प्रमुख विशेषताएं :**

- स्वेच्छा राशि से दाह संस्कार की व्यवस्था।
- जबकि इसके दाह संस्कार में करीब 3000/- (लकड़ी में 10000/- से अधिक) खर्च आता है।
- मोक्षधाम प्रबंधन सर्व समाज द्वारा।
- किसी भी ज्वलनशील पदार्थ (घर से जले छाने चरी में, घी, चंदन का बुरादा आदि) की इसमें आवश्यकता नहीं।
- मृत्यु पश्चात तीन वृक्षों को जीवनदान देखकर पुण्य के भागी बनेंगे।
- दाहसंस्कार से पूर्व सभी धार्मिक रीति रिवाज व संस्कार पूरे किए जा सकते हैं। कपाल क्रिया भी की जा सकती है
- शव वाहन को विद्युत मोक्षधाम गृह तक ले जाया जा सकता है आए हुए प्रिय जनों के लिए भी पार्किंग की पूर्ण सुविधा है।
- दाह संस्कार के बाद अस्थियों को सुरक्षित रखने की व्यवस्था।

## विशेष अनुरोध :

- ✦ शव को दाह संस्कार के लिए मशीन मैं रखने से पूर्व सब के द्वारा हाथ जोड़कर अंतिम विदाई के साथ श्रद्धांजलि देनी चाहिए।
- ✦ दाह संस्कार प्रक्रिया शुरू होने के आधे घंटे पश्चात आए हुए प्रियजनों को विदा किया जा सकता है।
- ✦ अपने परिवार, मित्रों व प्रियजनों को विद्युत शवदाह गृह में दाह संस्कार के लिए प्रेरित करना चाहिए।
- ✦ इस पुनीत कार्य में अधिकतम आर्थिक सहयोग करना चाहिए ताकि आप अनजाने जरूरतमंद व्यक्ति की मदद कर श्रेष्ठ पुण्य के भागी बन आनंदित रहें।
- ✦ विद्युत मोक्षधाम गृह चांदपोल के लिए स्वेच्छा राशि से शव वाहन की व्यवस्था। जिसमें 10 परिवार के सदस्य आसानी से प्रियजन की अर्थी के साथ बैठ सकते हैं।

कृपया स्मरण रखें कि यह हम सबकी संस्था है जिसका सबको मिलकर के संचालन करना है।

सबका मंगल हो....

## निवेदक: सर्व समाज प्रबंध समिति

सम्पर्क सूत्र :

| सुदीप बगड़ा | आर. के. शारा | नवीन बिल्टीवाला | रवि जैन |
|---|---|---|---|
| मो. : 9829433096 | मो. : 9414048374 | मो. : 8764429470 | मो. : 9414074872 |

"लाल कोठी एवं आदर्श नगर शमशान में भी यह सुविधा उपलब्ध है और शीघ्र ही अन्य शमशानों में भी यह सुविधा चालू करने का प्रयास किया जा रहा है। इसके प्रोत्साहन में आप लोगों का सार्थक सहयोग आवश्यक है।"

# श्री दिगम्बर जैन महा समिति महिला संभाग द्वारा बच्चों को टीशर्ट वितरण



**बारां. शाबाश इंडिया**

श्री दिगम्बर जैन महा समिति महिला संभाग बारां द्वारा बच्चों को टीशर्ट का वितरण किया गया। अध्यक्ष चन्द्रकला सेठी ने बताया कि देश भर में मनाए जाने वाले राममंदिर महोत्सव के उपलक्ष्य में विभिन्न सामाजिक कार्य करके हर्ष अभिव्यक्ति की। सचिव सरला जैन के अनुसार वार्ड नम्बर 12 के आंगन वाड़ी केंद्र में यह कार्य किया गया। करीब 40 बच्चों को टी शर्ट वितरण की। मीडिया प्रभारी ललिता टोंग्या ने बताया कि साथ ही आंगन वाड़ी की तीन गर्भवती महिलाओं की गोद भराई का शुभ कार्य भी किया गया। युवा प्रकोष्ठ मंत्री रानी नोपडा, महिला प्रकोष्ठ मंत्री सोनिया जैन, पूर्व अध्यक्ष सन्तोष कासलीवाल ने कुंकुम तिलक, माला, गोला फल चुनड़ी की साड़ी ओढाकर गोद भराई की रस्म पूरी की। मंजू सोनी, कुसुम बज, संगीता बड़जात्या, शकुंतला सोनी ने बच्चों को केक व बिस्किट बांटे। अन्य सभी सदस्यों ने अपनी भागीदारी निभाई। आँगनवाड़ी कार्यकर्ता मनोरमा जैन व लता का भी कार्यक्रम में पूर्ण सहयोग रहा।

# महावीर इंटरनेशनल युवा एवम ए यू बैंक के सौजन्य से जरूरतमंद बच्चों को स्वेटर वितरण



**कुचामन सिटी. शाबाश इंडिया।** ए यू बैंक के सौजन्य से महावीर इंटरनेशनल युवा के तत्वाधान में सुरजी देवी काबरा राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में जरूरतमंद बच्चों को स्वेटर वितरण किया गया। युवा केंद्र अध्यक्ष आनन्द सेठी ने बताया कि विद्यालय स्टाफ द्वारा 50 बच्चो को स्कूल स्वेटर की आवश्यकता के बारे में संस्था को बताए जाने पर ए यू बैंक के सौजन्य से स्वेटर की व्यवस्था की गई। इस दौरान ए यू बैंक से ब्रांच मैनेजर अजीत सिंह, देवेंद्र सिंह, विशाल पाटोदी, दीपक डालुका, संस्था सचिव विकास नीतू पाटनी, सोनम काला, नेहा पहाड़िया, राहुल झांझरी, शुभम काला, शुभम अमित पहाड़िया, अभिषेक गौरव पाटनी, एवम विद्यालय स्टाफ से सुमेधा सिंह, कैलाश चंद, सुनील खींची, मधुसूदन शेखावत, आरिफ खान, राजश्रीराय, सुमन, नाजिया, अंजुम, उपस्थित रहे। विद्यालय परिवार ने युवा केंद्र की सामाजिक सरोकार के लिए की जाने वाली गतिविधियों की भरी भूरी प्रशंसा करी एवम स्वेटर वितरण के लिए आभार जताया।

# एस. आर. के. मैक्स हॉस्पिटल लाल कोठी जयपुर में निःशुल्क परामर्श शिविर 28 जनवरी को

**जयपुर. शाबाश इंडिया।** एस. आर. के. मैक्स हॉस्पिटल लाल कोठी जयपुर द्वारा रविवार दिनांक 28 जनवरी 2024 को प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक निःशुल्क परामर्श शिविर का आयोजन किया जा रहा है । शिविर में फिजिशियन, जनरल सर्जन, यूरोलोजी, नेत्र सर्जन, दंत रोग, कार्डियक सर्जन आदि विभिन्न विभागों द्वारा निःशुल्क परामर्श दिया जायेगा। हॉस्पिटल के निदेशक डॉ. राकेश शर्मा ने बताया की अब जयपुर और प्रदेश की जनता को एस. आर. के. मैक्स हॉस्पिटल के रूप में एक सौगात मिलने जा रही है। जिसमे एक ही छत के नीचे सभी प्रकार की जांचे ऑपरेशन और ईलाज संभव होगा।



# जीवन का भरोसा नहीं: गणिनी आर्यिका विज्ञाश्री माताजी

**गुंसी, निवाई. शाबाश इंडिया।** श्री दिगम्बर जैन सहस्त्रकूट विज्ञातीर्थ गुंसी (राज.) में ससंघ विराजित गणिनी आर्यिका विज्ञाश्री माताजी ने प्रवचन देते हुए कहा कि - जीवन का कोई भरोसा नहीं है। पुण्य कर्म भगवान की भक्ति करने के लिए समय का इंतजार नहीं करना चाहिए। क्या पता कब सांस बंद हो जाए और जीवन लीला समाप्त हो जाए। मनुष्य जीवन में ही पुण्य कर्म का मौका मिलता है। यदि आगे का जन्म सुधारना है तो, इसी जन्म में पुण्य कर्म करने होंगे। कभी भी दूसरों को दुख नहीं देना चाहिए। उन्होंने कहा कि व्यक्ति को झूठ तभी बोलना चाहिए, जब उससे किसी का कल्याण हो। चतुर्दशी पर्व के अवसर पर माताजी ससंघ ने उपवास पूर्वक तपाराधना की। स्वाध्याय आदि के माध्यम से चर्या को उत्कृष्टता प्रदान की ।

## आपके विचार

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक राकेश जैन गोदिका द्वारा प्रकाशित दैनिक-ईपेपर 'शाबाश इंडिया' आम पाठक और समाज में जागरूकता फैलाने में सेतू का काम कर रहा है। आप अपने क्षेत्र के समाचार, आलेख, विचार आदि ई-मेल कर सकते हैं या निम्न नंबरों पर वाट्सअप कर सकते हैं।

सम्पादक: राकेश जैन गोदिका
@ 94140 78380, 92140 78380

दैनिक ई-पेपर
शाबाश इंडिया
shabaasindia@gmail.com
weeklyshabaas@gmail.com

# सचिन चतुर्वेदी (अनुराग्यम) को निर्वाण वर्ल्ड सोसायटी द्वारा सम्मानित किया गया

सुशी सक्सेना. शाबाश इंडिया




नई दिल्ली। नई दिल्ली के कॉनॉट प्लेस में, निर्वाण वर्ल्ड ने 'जीना इसीका का नाम है - कोरल गिग' नामक मेगा इवेंट के साथ अपनी तीसरी सालगिरह का आयोजन किया। निर्वाण वर्ल्ड की संस्थापिका और अध्यक्ष, नवींता गिननी, ने विशेष बच्चों के उत्साह और जीवन शैली की स्वीकृति के लिए समर्पित सफल कार्यक्रम का आयोजन किया। सचिन चतुर्वेदी ने राष्ट्र को एक विशेष संदेश दिया, ''आइए हम सब हाथ मिलाकर समृद्धि और करुणा की भावना को इन नन्हें परिंदों के साथ मिल कर मनाएं। आइए हम एक क्षण के लिए विचार करें कि हमारे विशेष बच्चों की देखभाल का महत्व क्या है, उनकी अनूठी क्षमताएं और अनचुभी संभावनाएं हमारे समाज की धनी विविधता में क्या योगदान करती हैं। हम यह संकल्प करें कि हम ऐसे हर बच्चों की क्षमताओं के बावजूद, प्रेम, समझ, और समर्थन के साथ आलिंगन करें।'' समारोह की मेजबान ऐश्वर्या, ने शाम को चमक और उत्साह जोड़ते हुए विभिन्न प्रदर्शनों और प्रस्तुतियों के माध्यम से दर्शकों का मार्गदर्शन किया। नीति आयोग, नई दिल्ली के संयुक्त सलाहकार कर्नल (डॉ.) उपदेश कुमार शर्मा ने मुख्य अतिथि के रूप में समारोह को समृद्धि दिया। सचिन चतुर्वेदी (अनुराग्यम के संस्थापक), दीपंकर कांत, सुभाष सयाल, करण बुधिराजा, और सुबीर ठाकुर भी फूल और स्मृति से सम्मानित किए गए। कार्यक्रम को नाग बिंदु बस्सुरी शिक्षा केंद्र के बच्चों ने बासुरी की मधुर ध्वनि के साथ शुरू किया, बच्चों ने अपने प्रदर्शनों, जैसे कि नृत्य, गायन, और वाद्य बजाने, के माध्यम से शाम को और हसीन बनाया। दर्शकों ने बच्चों के साहस और ऊर्जा के लिए अत्यधिक समर्थन दिखाया। प्रतिभागियों में यामिनी, श्रेयन, प्रत्यक्ष, आध्यायन, सत्यमेव, वृंदा, समीक्षा, और तन्मय शामिल थे। सतयुग दर्शन फरीदाबाद, और स्किल स्कूल फाउंडेशन के छात्र भी सक्रिय रूप से भाग लिए। सभी प्रतिभागियों को उनके प्रयासों की स्वीकृति में प्रमाण पत्र और अनेकों उपहारों दिए गए। कार्यक्रम नवींता गिननी, निर्वाण वर्ल्ड की संस्थापिका, द्वारा एक भावनात्मक धन्यवाद के साथ समाप्त हुआ।

## श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर, पार्श्वनाथ मार्ग चौमूं बाग, सांगानेर में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के अवसर पर हुई विशेष पूजा

### घरों व मंदिर जी में जलाए गए दीप, की गई रोशनी, गोशाला में गायों को चारा वितरण किया

जयपुर. शाबाश इंडिया। धर्म नगरी अयोध्या जंहा पर जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर आदिनाथ भगवान और अन्तनाथ, अजीतनाथ, अभिनन्दन भगवान के साथ सुमतीनाथ भगवान का जन्म हुआ था और उसी जैन धरा पर भगवान राम जी के भव्य मंदिर निर्माण के साथ साथ उनकी प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव दिनांक 22/01/24 को देश के प्रधान मन्त्री नरेन्द्र मोदी के कर-कमलो से की गई। इस महान अवसर पर श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर, पार्श्वनाथ मार्ग चौमू बाग,सांगानेर



मे विशेष पूजा-पाठ,शान्ति धारा के साथ साथ श्री मन्दिर जी पर शानदार रोशनी और सजावट कर सभी समाज जन ने श्री मन्दिर जी पर अपने-अपने घर से दीपक लाकर यहां पर श्री जी के समक्ष प्रज्वलित कर भगवान श्री राम को नमन कर धर्म लाभ अर्जित किया। सकल दिगम्बर जैन समाज द्वारा अपने अपने निवास स्थान पर दीपक जलाकर-घरो पर सजावट भी की गई। जैन धर्म मे जीव-दया का महत्वपूर्ण स्थान है। प्रबंध कार्यकारिणी एवम् सकल दिगम्बर जैन समाज,चोमू बाग, सांगानेर ,ने जीव-दया कार्यक्रम के अन्तर्गत पंच-मुखी गो-शाला पर जाकर गायो को चारा-गुड- लपटी खिलाकर पुण्य का कार्य किया। राम लला की प्राण प्रतिष्ठा के साथ ही समाज के सम्मानीय महानुभाव जन ने गो-शाला मे सामूहिक रूप से स्वयं ही,श्री मन्दिर जी के अध्यक्ष- प्रेम चन्द जैन,निवर्तमान अध्यक्ष - मूल चन्द जैन,महामन्त्री-मुकेश कुमार जैन,महेंद्र कुमार जैन,जय कुमार जैन,अनिल कुमार जैन,महावीर प्रसाद जैन,विनोद कुमार जैन,बाबुलाल जैन,उत्तम कुमार जैन, श्रीमती सुशीला देवी भोंच, सरोज देवी काला, सरोज देवी जैन साडम वाले, साधना जैन,कमला जैन,पूजा जैन,ऊषा जैन और बच्चो ने भी गायो को स्वादिष्ट लपटी-गुड खिलाकर और नमोकार महामन्त्र के पाठ गायो को सुनाकर धर्म लाभ अर्जित कर गोरान्वित महसूस किया।

## तीये की बैठक



मेरी पूजनीय माताजी

**श्रीमती जया जैन**

(पत्नी स्व. श्री अशोक जैन)

का स्वर्गवास दिनांक 24.01.2024 को हो गया। तीये की बैठक शुक्रवार-26.01.2024 को प्रातः 9 बजे श्री आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर मीरा मार्ग मानसरोवर पर होगी।

शोकाकुल : विजय- ज्योति (पुत्र- पुत्रवधु), सुरज्ञानी लाल, ज्ञानचंद (जेठ), राजेंद्र कुमार, पदमचंद, पदमचंद (देवर), पुष्पेंद्र पारस, मोहित, पुनीत (भतीजे), अनु- प्रमोदजी गंगवाल, मीनू- कमलेशजी चांदवाड़ (पुत्री- दामाद), रक्षित, भव्य (पौत्र) एवं समस्त अजमेरा परिवार (9314651345) रतनदेवी, मुन्नादेवी- भागचंद, सोनादेवी, शारदादेवी- सुरेश, सुमित्रा- अरुण (ननद- नंदोई)

पीहरपक्ष : राजकुमार जी, डॉ. सुरेश, विनय एवं समस्त सेठी परिवार आसाम वाले।




# आर्यिका श्री नंदीश्वर मति माताजी का अवतरण दिवस मनाया

**रेनवाल, किशनगढ़. शाबाश इंडिया**

गुरु मां आर्यिका रत्न 105 श्री नंदीश्वर मति माताजी का 58वा अवतरण दिवस उत्साह एवं भक्ति भाव पूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम में दीप प्रज्वलन मारोठ, दाता, खाचरियावास और जोबनेर आदि स्थानों से पधारे श्रेष्ठिकों द्वारा किया गया। प्रवक्ता विनोद गंगवाल ने बताया कि पाद प्रक्षालन कैलाश चंद्र, कमल कुमार गंगवाल द्वारा किया गया। गुण सागर ललित कुमार ठोलिया द्वारा शास्त्र भेंट किए गए एवं विमल कुमार संतोष देवी विनायका के द्वारा वस्त्र भेंट किए गए। नरेंद्र कुमार एवं अंजू देवी काला द्वारा आरती की गई। उन्नति विनायका के द्वारा माता जी के जीवन चरित्र की लघु नाटिका प्रस्तुत की गई। साज बाज के साथ गुरु मां की भक्तिमय पूजा की गई। कार्यक्रम का संचालन करुणा दीदी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में सांभर, जोबनेर, कुली, दाता, खाचरियावास, भेसलाना आदि स्थानों से श्रद्धालु पधारे। इस अवसर पर मेघा पाटनी, निखिला सोगानी, रितिका बाकलीवाल, सोनम गंगवाल द्वारा भव्य नृत्य पेश किया गया। सायकाल भक्तामर के ऋषि मंत्रों से दीप प्रज्वलित किए गए और गुरु मां की भव्य आरती की गई। इस अवसर पर समाज के सभी लोग, महिलाए, बालिकाएं एवं युवा वर्ग उपस्थित रहा।

